जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-27 | जयपुर, सोमवार, 19 जुलाई, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना के प्रारूप को मिली मंजूरी

## कृषि उपभोक्ताओं को बिजली बिलों पर प्रतिमाह मिलेगा 1 हजार रुपए का अनुदान



जयपुर (हमारा वतन)मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के किसानों को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना के प्रारूप को मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे कृषि उपभोक्ताओं को बिजली बिलों पर प्रतिमाह 1 हजार रूपए या प्रतिवर्ष अधिकतम 12 हजार रुपए का अनुदान मिल सकेगा। योजना बिलिंग माह मई 2021 से लागू होगी।

प्रारूप के अनुसार, योजना के तहत विद्युत वितरण निगम द्वारा कृषि उपभोक्ताओं को द्विमासिक बिलिंग व्यवस्था के अनुसार विद्युत बिल जारी किए जाएंगे। अनुदान राशि सामान्य श्रेणी-ग्रामीण (ब्लॉक सप्लाई) कृषि उपभोक्ताओं को मीटर एवं फ्लेट रेट श्रेणी दोनों में देय होगी। यह अनुदान राशि विद्युत वितरण निगमों की कोई राशि संबंधित उपभोक्ता पर बकाया नहीं होने पर ही दी जाएगी। यदि किसी माह उपभोक्ता की पुनर्भरण राशि एक हजार रूपए से कम होती है तो शेष राशि का समायोजन उसी वित्तीय वर्ष के आगामी महीनों में किया जा सकेगा। योजना के प्रारंभ होने के बाद बिलिंग माह मई 2021 की बकाया राशि का भुगतान आगामी माह में करने पर उक्त माह की बकाया अनुदान राशि का समायोजन उसी वित्तीय वर्ष के आगामी महीनों में किया जाएगा। वर्ष के बीच में नए कनेक्शन जारी होने की स्थिति में अनुदान की राशि अनुपातिक रूप से देय होगी।

योजना के प्रावधानों के अनुसार यदि कोई उपभोक्ता विद्युत दुरूपयोग या विद्युत चोरी का दोषी है तो अनुदान राशि देय नहीं होगी। विद्युत चोरी या निगम सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने का दोषी होने की स्थिति में अनुदान राशि दोष मुक्त होने एवं संपूर्ण आरोपित राशि जमा करवाने के बाद आगामी बिलिंग माह में देय होगी। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को विद्युत खाता संख्या से आधार संख्या एवं बैंक खाता संख्या को जुड़वाना होगा।

## नकली घी बनाने वाले वांछित आरोपी रमेश यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जयपुर (हमारा वतन) राज्यस्तर पर चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान की पालना में सामोद थाना द्वारा 4 माह से फरार चल रहे नकली घी निर्मित कर आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले वांछित अपराधी रमेश यादव रमेश यादव पुत्र सूरजमल, जाति यादव, उम्र 39 साल निवासी सामोद को गिरफ्तार कर लिया गया है । मुलजिम रमेश यादव के खिलाफ नकली घी निर्मित करने के 4 मामले पंजीबद्ध हैं । गोविंदगढ़ डिप्टी संदीप सारस्वत के सुपरविजन में सामोद थाना अधिकारी उमराव सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही को अंजाम दिया गया ।

डिप्टी संदीप सारस्वत ने बताया कि रमेश यादव द्वारा सरस ब्रांड के नाम से निर्मित किए जा रहे नकली घी की सामग्री जयपुर डेयरी वालों ने पृथक से जब्त की थी । मुलजिम रमेश यादव सरस ब्रांड के नाम से धोखाधड़ी पूर्वक नकली घी निर्मित कर उसको आमजन को विक्रय करता था, जिससे आमजन के स्वास्थ्य के साथ बुरा प्रभाव पड़ता था । टीम गठित कर विशेष तकनीकी स्त्रोतों और मुखबिर खास के द्वारा मुलजिम को दस्तयाब किया गया । पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण शंकर दत्त शर्मा ने उक्त कार्रवाई के लिए पुलिस टीम उमराव सिंह ,हरीश कुमार ,विनोद कुमार की हौसला अफजाई हेतु नगद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र दिए जाने की घोषणा की है ।

## जेडीए ने जारी किये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कार्यालय भवन को निःशुल्क आवंटन पत्र



जयपुर(नि.सं.)। नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशानुसार जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप तहसील के कार्यालय भवन हेतु निःशुल्क आवंटन के क्रम में आवंटन पत्र जारी किये गये।

जयपुर विकास आयुक्त गौरव गोयल ने बताया कि ग्राम ठिकरिया तहसील सांगानेर, जयपुर में जविप्रा की अनुमोदित निजी खातेदारी योजना वाटिका इन्फोटेक सिटी में आरक्षित फैसिलिटी (डिस्पेन्सरी) भूखण्ड संख्या एफ-94 में से 4000 वर्गमीटर भूमि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ठिकरिया को निःशुल्क भूमि सशर्त आवंटन पत्र जारी किया गया। ग्राम दहमीकला तहसील सांगानेर, जयपुर में जविप्रा की सृजित संस्थानिक योजना में आरक्षित सुविधा क्षेत्रफल भूखण्ड क्षेत्रफल 35910.10 में से 4000 भूमि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगरू को निःशुल्क भूमि सशर्त आवंटन पत्र जारी किया गया।

इसी प्रकार ग्राम दहमीकला में उप तहसील के कार्यालय भवन एवं आवास निर्माण हेतु जयपुर विकास प्राधिकरण की संस्थानिक योजना में आरक्षित सुविधा क्षेत्रफल 35910.50 मीटर में से 1000 वर्गमीटर भूमि का निःशुल्क सशर्त आवंटन पत्र जारी किया गया है।




## बचपन में अक्सर



योगिता शर्मा
जयपुर

बचपन में अक्सर
मैं बारिश में खेला करती थी
लाख मना करे माँ
मैं किसी ना किसी
बहाने से भीगा करती थी
झूम-झूम कर नहाया करती थी
मस्ती से पकौड़े खाया करती थी
बारिश का इन्तजार किया करती थी
घंटों सोचा करती थी
एक रोज़ ऑफिस की खिड़की से
देखा मैंने पहली बरसात को
कांच से टकराती बूंदों की बारात को
ऐसा लगा मानो मेरे अंदर का बच्चा
भाग रहा है बाहर भीगने को
पर मेरे बड़प्पन ने हाथ बढ़ा लिए
उस बचपन को रोकने को
बरसात की बूंद खिड़की खटखटा रही थी
मानो मुझे बुला रही थी
मैं भी उसके साथ खेला करती थी
पर तब मैं थोड़ी छोटा थी
अब शायद मैं बड़ी हो गयी
जब छोटी थी
तब बरसने की दुआ करती थी
जमकर बरसे तो
स्कूल की छुट्टी हो जाए
अब जब बड़ी हो गयी हूँ
डर लगता है
कहीं ज्यादा बरस गया तो
ऑफिस की छुट्टी ना हो जाए
वो बचपन ही अच्छा था
बचपन में अक्सर
मैं बारिश में खेला करती थी

# महिला कांग्रेस कमेटी ने किया बढ़ती महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन




रतलाम (हमारा वतन) अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार दिन पर दिन बढ़ती हुई महंगाई के विरोध में रतलाम महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक विरोध प्रदर्शन स्थानीय रानी जी के मंदिर चोराहे पर किया गया । धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुवे प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष यास्मिन शेरानी ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब जनता पर बेतहाशा महंगाई थोप कर घनघोर पाप किया है । नागरिको का जीना दूभर हो गया है, हर तरफ निराशा का माहौल है । महंगाई के खिलाफ महिला कॉंग्रेस की जंग अनवरत जारी रहेगी ।

प्रदर्शन को जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने संबोधित करते हुवे कहा की महंगाई से जनता त्रस्त है और मोदी सरकार मस्त है। यह पूंजीपतियों की सरकार है और आम नागरिको से इनको कोई सरोकार नही है । यह सिर्फ महंगाई बढ़ाना जानते है । झूठे सपने भोली भाली जनता को दिखा कर साजिश के तहत सत्ता हथियाई है । इस दौरान महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्षा मीना बग्गा, शांतिलाल वर्मा, पूर्व पार्षद राजीव रावत, मुबारिक खांन, रजनीकांत व्यास, कमरुद्दीन कछवाय, वसंत पड्या, सुजीत उपाध्याय, निशा ऐडना, रश्मि सिंह आदि ने भी संबोधित किया । ज्ञापन का वाचन महिला कांग्रेस अध्यक्षा मीना बग्गा ने किया और राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन दिया गया । संचालन शहर कांग्रेस के प्रवक्ता जोयेफ आरिफ और आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय पार्षद चन्द्र प्रकाश पुरोहित ने व्यक्त किया । इस अवसर पर विजय सिंह चौहान, रवि वर्मा पूर्व पार्षद,वहीद शेरानी, नासिर कुरेशी, नजमा इक्का, वंदना अनिल पुरोहित, केसर बाई, सकीना मनासि, शेलेंद्र सिंह आठना ,सोनू व्यास,वसीम अली, अनिल नांदेचा, श्रीमती कुसुम चाहर, मांगीलाल जैन शाबीर भाई, बच्चा खान सुनील महावर रजिया मंसूरी, आरिफा, जसपाल बग्गा अनिल पुरोहित अशफाक मेडिकल वाले, सतीश गिरी,सहित सभी पदाधिकारी गण, , मोर्चा संगठन पदाधिकारी गण ,प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं समस्त मंडलम सेक्टर इंचार्ज उपस्थित रहे ।



## खादी ग्रामोद्योग को 45 करोड़ का ऑर्डर मिलने से बना रहेगा रोजगार

नई दिल्ली (हमारा वतन) देश के अधिकांश हिस्से कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के चलते लॉकडाउन में रहे हैं। लेकिन इस साल मार्च से मई के बीच मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर को भारी झटका लगने के बावजूद खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) को 45 करोड़ रुपये से ज्यादा के खरीद ऑर्डर मिले हैं, जो लाखों खादी कारीगरों को आजीविका प्रदान करने में मददगार साबित होंगे। यह खरीद ऑर्डर जनजातीय मामलों के मंत्रालय, भारतीय रेल और एयर इंडिया से आए हैं।

**पॉली खादी कपड़े की खरीद का ऑर्डर जनजातीय छात्रों के लिए**

देश में जनजातीय छात्रों के लिए 6.38 लाख मीटर पॉली खादी कपड़े की खरीद के लिए केवीआईसी और जनजातीय मामलों के मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन को अप्रैल 2021 में बढ़ा दिया गया है। कपड़े के ऑर्डर को बढ़ाकर 8.46 लाख मीटर कर दिया गया है, जिसकी कीमत 20.60 करोड़ रुपये है। यह ऑर्डर उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा के कई खादी संस्थानों में वितरित किया गया है।

**भारतीय रेल मंत्रालय से भी मिला है ऑर्डर**

रेल मंत्रालय ने अप्रैल से मई के बीच केवीआईसी को 19.50 करोड़ रुपये के खरीद ऑर्डर दिए हैं। इससे देश भर में 100 से अधिक खादी संस्थानों के साथ पंजीकृत कारीगरों को सीधे लाभ होगा, जो विशेष सामग्री जैसे बिछाने के कपड़े, तौलिए, चादर, फ्लैग बैनर, स्पंज कपड़े, दोसूती कॉटन खादी और बंटिंग कपड़े आदि के उत्पादन में लगे हुए हैं। इस सामग्री की सप्लाई जुलाई 2021 तक की जाएगी।

**एयर इंडिया भी हर्बल कॉस्मेटिक उत्पाद की खरीदारी करेगा**

हमारे देश की सरकारी एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया भी अपने एग्जीक्यूटिव और बिजनेस क्लास के अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 4.19 करोड़ रुपये की लागत वाली 1.10 लाख सुविधा किट खरीदेगा। अप्रैल के महीने में जारी सप्लाई ऑर्डर एविएशन क्षेत्र, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय परिचालन से आया है। कोविड-19 महामारी से हुए नुकसान के बावजूद यह ऑर्डर केवीआईसी को मिले हैं। खादी सुविधा किट में प्रीमियम हर्बल कॉस्मेटिक उत्पाद शामिल हैं, जैसे खादी हैंड सैनिटाइजर, खादी मॉइस्चराइजिंग लोशन, खादी लेमनग्रास ऑयल, खादी हैंडमेड साबुन, खादी लिप बाम, खादी गुलाब फेस वॉश, एसेंशियल ऑयल आदि। ये उत्पाद छोटे ग्राम उद्योग इकाइयों द्वारा निर्मित होते हैं।

**लगातार ऑर्डर मिलने से बना रहेगा रोजगार**

केवीआईसी के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि कोविड-19 महामारी के इस कठिन समय में इतने बड़े ऑर्डर केवीआईसी के कारीगरों के लिए अधिकतम रोजगार पैदा करने और आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने के प्रयासों को बढ़ावा देंगे। लॉकडाउन के दौरान केवीआईसी के सामने कारीगरों के रोजगार और आजीविका को बनाए रखने की सबसे बड़ी चुनौती है। जनजातीय मामलों के मंत्रालय, भारतीय रेल और एयर इंडिया की तरफ से बड़ी संख्या में मिले इन ऑर्डरों से खादी के चरखे की कताई जारी रहेगी और इसका अर्थ यह कि यहां कताई करने वालों, बुनकरों, संबंधित कारीगरों और श्रमिकों के साथ-साथ ग्रामीण उद्योगों में लगे एक विशाल कार्यबल के लिए रोजगार और आय सुनिश्चित होगी।

# गुलाबी नगरी जयपुर में होगा भव्य राष्ट्र रत्न सम्मान 2021

जयपुर (हमारा वतन) चन्द्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट परिवार ने राष्ट्रीय पुरस्कार राष्ट्र रत्न सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह समारोह 28 जुलाई 2021 को होटल क्लार्क आमेर, राजस्थान, जयपुर में आयोजित होगा। ट्रस्ट की फाउंडर चन्द्रकला गोठवाल ने बताया कि राष्ट्र रत्न सम्मान समारोह चन्द्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट परिवार की एक अनूठी पहल है, जो इस वर्ष आयोजित की जा रही है। यह पुरस्कार व्यक्तियों और संस्थानों द्वारा समाज में महिलाओं व पुरूषों के लिए महत्वपूर्ण और सकारात्मक बदलाव की दिशा में किए गए असाधारण योगदान के लिए दिया जा रहा है।




इस वर्ष 51 व्यक्तियों, संस्थानों, एन.जी.ओ. आदि को यह पुरस्कार दिया जायेगा। इसमें प्रशस्ति-पत्र और मोमेंटो, ट्रॉफी सभी चयनित व्यक्तियों को दिए जाएंगे। पुरस्कार हेतु चयनित आवेदकों की घोषणा कार्यक्रम से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में की जायेगी। समाज सेवा, पत्रकारिता, चिकित्सा, कला, खेल,साहित्य,व्यापार व अन्य क्षेत्रों से जुड़े लोगों को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया जा रहा है।

चन्द्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट परिवार इस विशेष अवसर पर देश के उन महिला, पुरुषों ,संस्थाओं को भी सम्मानित करेगा जिन्होंने महिला उत्थान व देश के लिए अपना विशिष्ट योगदान दिया है। कार्यक्रम में सहयोग हेतु भी लोगो से उनके सुझाव व सहयोग आमंत्रित किये गए हैं। राष्ट्र रत्न सम्मान के लिए वे सभी व्यक्ति और संस्थान आवेदन कर सकते है, जिन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण व समाज सेवा, अन्य क्षेत्र में काम किया है। आवेदक अगर संस्थान है तो उन्हें इस क्षेत्र में 3 वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य होगा। विभिन्न क्षेत्रों में काबिलबच्चे भी आवेदन कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में राष्टीय अध्यक्ष चन्द्रकला गोठवाल ने बताया कि सेवा नीति में राष्ट्रीय जन मिशन बन रहा है। उपरोक्त क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित लोग इसमें शामिल होंगे तो निश्चित ही राष्ट हित में ओर समाज हित में विशिष्ट पहचान बना सकेंगे। अधिक जानकारी और नोमिनेशन के लिए अपनी फोटो और प्रोफाइल इन मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप 8619230279 कर सकते हैं।




## स्वाधीनता दिवस समारोह-2021 योग्यता प्रमाण-पत्रों के लिए 30 जुलाई तक प्रस्ताव आमंत्रित

जयपुर (हमारा वतन)राज्य सरकार ने स्वाधीनता दिवस समारोह-2021 के अवसर पर जिला कलेक्टर, सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित सहकारी संस्थाओं, नगर पालिकाओं एवं परिषदों निगमों, मण्डलों, बोर्ड तथा जिला परिषद के अधिकारियों तथा कर्मचारियों से उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं। प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में 30 जुलाई तक आवश्यक रूप से मंत्रिमण्डल सचिवालय को भिजवाने होंगे। योग्यता प्रमाण-पत्र के लिए किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी का नाम प्रेषित करते समय संबंधित विभाग अपने स्तर पर प्रस्ताव का परीक्षण कर, न्यूनतम दो वर्षों के गोपनीय प्रतिवेदन ''उत्कृष्ट श्रेणी'' तथा शेष ''बहुत अच्छा श्रेणी'' के होने पर ही सात वर्षों यथा वर्ष 2014-2015 से 2020-21 तक वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन सहित प्रेषित किये जाएं।

## स्वास्थ्यवर्धक पोषाहार बालवाड़ी का किया शुभारंभ

चौमूं (हमारा वतन) टांकरड़ा ग्राम में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में उत्तमा सेवा समिति के तत्वावधान में चौमूं उपखंड अधिकारी उपेंद्र शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक संदीप सारस्वत व केवीके टांकरडा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एसएस राठौड़ के नेतृत्व में वृक्षारोपण व बच्चों के लिए पोषाहार बालवाड़ी का शुभारंभ किया गया। एसडीएम शर्मा व पुलिस उपाधीक्षक सारस्वत ने पर्यावरण के महत्व को बताते हुए अधिकाधिक में पेड़ पौधे लगाने चाहिए। साथ ही आयुर्वेदिक पौधे लगाने के लिए भी समिति को प्रेरित किया।



समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश हरसोलिया ने बताया कि चौमूं क्षेत्र में की सभी राजकीय विद्यालय में कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से बच्चों के लिए पोषाहार बालवाड़ी विकसित की जाएगी, जिससे बच्चों की स्वास्थ्यवर्धक स्थापित स्तर पर ही प्राप्त हो जाएगी। समिति द्वारा सभी अतिथियों का साफा पहनाकर व पौधा देकर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय संस्था प्रधान सपना को भी एक पौधा देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी नेमीचंद पारीक, वार्डपंच सत्यनारायण सैनी, वार्डपंच दीपक नुवाल, लालचंद कुमावत, सीताराम सोनी, नरेंद्र बुनकर, माधव शर्मा, गोविंद बराला, हेमंत सेठी, सुरेंद्र सिंह हरसोलिया, मांगीलाल कुमावत सहित ग्रामीणजन व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

## समस्या नहीं समस्या का समाधान बने युवा : अभिषेक सुराणा

सिरोही (हमारा वतन) वर्तमान समय में युवा सकारात्मक दृष्टिकोण को लेकर आगे बढ़े एवं समस्या नहीं वरन समस्या का समाधान बनें।यह बात नेहरू युवा केंद्र सिरोही के नव चयनित राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकों के साथ संवाद करते हुए माउंट आबू स्थित स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र पर आईएएस अभिषेक सुराणा उपखंड अधिकारी माउंट आबू ने कही।



जिला युवा अधिकारी मोहित कुमार ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा कोरोना काल मे संपादित गतिविधियों के बारे में अवगत कराते हुए आगामी कार्य योजना के बारे में बताया। सदस्य, शासी निकाय, नेहरू युवा केंद्र संगठन, राजेंद्र सैन ने आगामी समय में आने वाली चुनौतियों के लिए स्वयं सेवकों को कुशलता के साथ तत्पर रहने हेतु प्रेरित किया। इससे पूर्व स्काउट गाइड सी.ओ. जितेंद्र सिंह भाटी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों ने कार्यक्षेत्र में आ रही विभिन्न बाधाओं एवं चुनौतियों के विषय में अपने विचार साझा किए। युवा टीम स्वाभिमान जयपुर ग्रामीण के यादराम सैनी, अविनाश आर्य सहित सिरोही जिले के विभिन्न ब्लॉकों के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम के सुदृढ़ीकरण के लिए 20 करोड़ रूपये का अतिरिक्त प्रावधान

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम के सुदृढ़ीकरण के लिए 20 करोड़ रूपये के अतिरिक्त प्रावधान को मंजूरी दी है।गहलोत की इस मंजूरी से निगम आर्थिक रूप से सक्षम होने के साथ ही अपनी पुरानी ओवरड्यू राशि से छुटकारा पा सकेगा। साथ ही, विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए एवं बेरोजगारों को स्वरोजगार तथा रोजमर्रा की आवश्यकताओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर अधिक ऋण उपलब्ध करा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने इस वर्ष बजट में राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की घोषणा की थी।

## जॉब्स


1. भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 6100, अंतिम तिथि 26 जुलाई 2021
2. संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी, पद सीएचएस,एडीएमओ,एसडीएमसी, जीडीएमओ, पद संख्या 838, अंतिम तिथि 27 जुलाई 2021 3. भारतीय नौसेना, पद एसएससी इलेक्ट्रिकल, पद संख्या 40, अंतिम तिथि 30 जुलाई 2021
4. इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, पद इंस्पेक्टर, टैक्स असिस्टेंट और एमटीएस,पद संख्या 155, अंतिम तिथि 25 अगस्त 2021
5. भारतीय तिब्बत बॉर्डर पुलिस फोर्स आइटीबीपी,पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 65, अंतिम तिथि 2 सितंबर 2021
6. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद पटवारी, पद संख्या 5378, अंतिम तिथि 29 जुलाई 2021
7. इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन आईबीपीएस, पद क्लर्क, पद संख्या 5858, अंतिम तिथि 1 अगस्त 2021
8. बिहार स्वास्थ्य विभाग, पद कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सी एच ओ, पद संख्या 2100, अंतिम तिथि 29 जुलाई 2021



यश बूब
वाणिज्य संवाददाता
6 गोपी कृष्ण विहार, गुरो का तालाब के पास जोधपुर - 342001
मोबाइल-9785081032

# रुबीना दिलैक
## ने की Boldness की सारी हदें पार, बिकिनी के बाद मोनोकनी में दिखीं हॉट, वीडियो हुआ वायरल

बिग बॉस सीजन 14 की विनर और टेलीविजन शो शक्ति अस्तित्व के एहसास की की सौम्या उर्फ रुबीना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी एक बेहद हॉट वीडियो शेयर की हैं। वीडियो में मोनोकनी पहने हुए स्विमिंग पूल में चिल करती हुई दिख रही हैं।



**वीडियो में हॉट दिखीं रुबीना**–सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली रुबीना नई वीडियो में बेहद ग्लैमरस, सेक्सी और हॉट अवतार में नजर आ रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए रुबीना ने बस एक पानी की बूंद वाली इमोजी शेयर कर इसे पोस्ट किया है।

वीडियो में रुबीना के लुक को देखकर यूजर्स एक्ट्रेस उवर्शी रौटेला से तुलना कर रहे हैं। एक ने लिखा, इस वीडियो ने मेरे दिल में आग लगा दी है। इसके अलावा कुछ उन्हें हॉटनेस का ओवरलोड कह रहे हैं। वहीं, एक फैन ने लिखा, बॉस लेडी। वहीं कुछ लोगों ने हॉटी, अमेजिंग, सिजलिंग और ब्यूटीफूल लिखकर उनके लुक की तारीफ कर रहे हैं।

**इससे पहले ब्लू बिकिनी में दिखीं थी रुबीना**–बता दें कि इससे पहले रुबीना दिलैक ब्लू बिकिनी में नजर आई थीं। फोटो में वह पूल में उतरने की तैयारी करते हुए पोज दी थीं।


## कभी बाथटब तो कभी बॉयफ्रेंड शर्ट में फोटोशूट, मिलिए भोजपुरी की 'Sunny Leone' प्राची सिंह से..



नई भोजपुरी सेंसेशन प्राची सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्लैक आउटफिट में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। बाथटब से लेकर बेड तक, प्राची ऐसी तस्वारें शेयर करती हैं कि तारीफ करने से फैंस खुद को रोक नहीं पाते...भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित स्टार में से एक प्राची सिंह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव हैं और आए दिन अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। यंग एक्ट्रेस प्राची सिंह अपने ग्लैमरस लुक और बोल्ड अंदाज से सुर्खियों में बनी रहती हैं। प्राची ने एक बार फिर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनपर उनके फैंस ने जमकर प्यार लुटाया है।अदाकारा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। ब्लैक शॉर्ट्स और जालीदार टॉप में उनकी अदाएं देखकर कोई भी उनका दीवाना बन जाए। बेहद खूबसरत नजर आ रहीं प्राची की इन तस्वीरों को उनके फैंस ने खूब पसंद किया है। प्राची सिंह इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव हैं और लगातार अपनी तस्वीरें शेयर कर रही हैं। उनका इंस्टाग्राम अकाउंट हॉट और बोल्ड अंदाज वाली तस्वीरों से भरा हुआ है। किसी तस्वीर में वह शॉर्ट्स पहन पोज देती हैं तो किसी में बॉयफेंड शर्ट पहन कर।

## शाहिद और सैफ के साथ रिश्ते पर बोलीं करीना कपूर, एक ने करियर बदला, दूसरे ने जिंदगी बदली

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने हाल ही में एक्टर शाहिद कपूर और अपने पति सैफ अली खान के बारे में खुलकर बात की है। सैफ से पहले करीना का नाम शाहिद कपूर के साथ ही जोड़ा जाता था। पर्दे पर दोनों की कैमिस्ट्री भी शानदार थी। हालांकि, बाद में करीना का अफेयर सैफ अली खान के साथ चला और आगे चलकर दोनों ने शादी भी की। अब करीना दो बच्चों की मां बन चुकी हैं। वहीं सैफ अली खान की बात करें तो वो 4 बच्चों के पिता बन चुके हैं।करीना के अनुसार जब वी मेट और टशन इन दोनों फिल्मों ने उनके जीवन की कहानी लिखी है। जब वी मेट की वजह से उनका करियर सफल रहा था, जबकि टशन फिल्म की वजह से उनका प्यार उन्हें मिला और उनका जीवन सफल रहा।



**शाहिद ने दिलाया था गीत का रोल**–शाहिद कपूर ने ही करीना को गीत का रोल दिलवाया था। करीना ने भी इस बात पर सहमति जताते हुए बताया कि शाहिद ने ही फिल्म जब वी मेट में उनके लिए जगह बनाई थी। हालांकि इसी फिलेम के बाद दोनों के रास्ते अलग हो गए थे। करीना कपूर ने एक्टर सैफ अली खान के साथ टशन की शूटिंग की। यह फिल्म तो फ्लॉप रही पर यहीं से इन दोनों का प्यार परवान चढ़ गया।

## क्या बारिश के मौसम में सलाद और कच्ची सब्जियां नहीं खानी चाहिए? डायटीशियन दे रहीं हैं इसका जवाब

बरसात का मौसम दिन भर कुछ न कुछ खाने के लिए प्रेरित करता है। पर इसके साथ ही इस मौसम में पाचन संबंधी समस्याओं जा जोखिम भी बढ़ जाता है। इसलिए आपकी मानसून डाइट के लिए यहां कुछ जरूरी टिप्स हैं। बारिश का मौसम हर कोई पसंद करता है और भारत मे आमतौर पर मानसून के आने का समय जुलाई का महीना होता है। मानसून का नाम सुनते ही हम सभी के मन में चारों तरफ हरे-हरे पेड़-पौधे, बारिश, गरमागरम चाय-पकौड़े, नूडल्स इन्हीं सबका खयाल आता है। मगर बारिश का मौसम अपने साथ कई बीमारियां भी ले कर आता है।

**डाइट और मानसून** –मानसून में हमारी इम्यूनिटी कम हो जाती है, जिससे इंफेक्शन होने का ख़तरा सबसे ज्यादा हो जाता है। अक्सर लोगों को मानसून में क्या डाइट अपनानी चाहिए, इस बारे में पता नहीं होता। और कुछ भी खा लेते हैं। जिससे इस मौसम में डायरिया, फूड पॉइज़निंग, फ्लू आदि का ख़तरा भी बढ़ जाता है।ऐसे में यदि खानपान को ठीक न रखा जाए, सब्जियों और सलाद को ठीक तरह से धोकर न पकाया जाए, तो ये सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। तो आइये जानते हैं कि बारिश के मौसम मे सब्जियों और सलाद को किस तरह खाना चाहिए

**क्या बारिश के मौसम में कच्ची सब्जियां खानी चाहिए?**

ये तो हम सभी जानते ही कि सब्जियां और सलाद अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही जरूरी हैं और हर मौसम मे इनका सेवन करना चाहिए। पर इन्हें खाने के तरीके मे बदलाव जरूर करना चाहिए। सब्जियां और सलाद हमें भरपूर आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने के साथ-साथ हमें बहुत सी बीमारियों से बचाती भी है। इनका सेवन यदि गलत ढंग से किया जाए, तो ये फायदा पहुंचाने की जगह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन जाती हैं।अक्सर लोगो को लगता है कि सब्जियों को जितना कम पकाएंगे उतना ज्यादा वो फायदेमंद होंगी और



उतना ही उनका लाभ मिलेगा। पर ये बात हर मौसम के लिए सही नहीं है। विशेष तौर पर जब हम बारिश के मौसम की बात करें।कच्चा सलाद खाने मे तो बड़ा ही स्वादिष्ट लगता है, लेकिन कच्ची सब्जियों और सलाद को किस मौसम मे किस तरह खाना चाहिए ये बहुत मायने रखता है।जानिए क्यों डायटीशियन कर रहीं हैं बारिश के मौसम में कच्ची सब्जियां और सलाद खाने से मना

बारिश के मौसम में हमारी इम्यूनिटी कमज़ोर हो जाती है और इसी कारण इंफेक्शन होने का ख़तरा अन्य मौसम की तुलना में ज्यादा होता है। इस मौसम में हमारे चारों ओर कीटाणु व बैक्टीरिया भी ज्यादा पनपने लगते हैं।



## सस्ता और स्वादिष्ट, जानिए आपके स्वास्थ्य के लिए कितना फायदेमंद है अमरुद

किसने कहा कि सिर्फ महंगे और इमपोर्टेड फल ही आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं। जबकि हमारी सबसे नजदीकी मंडी या स्टोर में मौजूद अमरूद इतने सारे फायदे लिए हुए है। अमरुद खाने में तो स्वादिष्ट होते ही हैं, बल्कि पोषक तत्वों का भंडार होते हैं। अपने कई स्वास्थ्य लाभों के कारण अमरुद को सबसे अच्छे सुपरफ्रूट में से एक माना जाता है। पोषक तत्वों का एक पावरहाउस, अमरूद एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन C और A, लाइकोपीन, कैल्शियम, मैंगनीज और पोटेशियम से भरपूर है। इसके अलावा, अमरूद कैलोरी में कम, फाइबर में उच्च होता है, और आपके दैनिक आहार में शामिल हो सकता है। सिर्फ इतना ही नहीं, यह डायबिटीज में भी बहुत फायदेमंद होता है। **रोज़ अमरुद खाने से आप कई स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा पा सकती हैं**–अमरूद में पाए जाने वाले प्रमुख पोषक तत्वों में से एक फाइबर है। फाइबर को मल को ठोस और नरम करके पाचन में मदद करने के लिए दिखाया गया है। यह दस्त और कब्ज दोनों के लक्षणों को कम कर सकता है।अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि अमरूद के पत्ते का अर्क दस्त की तीव्रता और अवधि को कम करने में मदद कर सकता है।

कुछ पाचन विकार वाले लोग, अमरूद को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।






### टोक्यो ओलिंपिक
## जोकोविच ने ओलिंपिक में भाग लेने का ऐलान किया
### ➡ सेरेना, फेडरर और नडाल भाग नहीं लेने फैसला कर चुके हैं

टोक्यो। हाल ही में अपना 20वां ग्रैंड स्लैम जीतने वाले नोवाक जोकोविच ने कहा है कि वह टोक्यो ओलिंपिक में भाग लेंगे। जोकोविच ने अपना छठा विम्बलडन जीतने के बाद कहा था कि उनके भाग लेने की संभावना फिफ्टी - फिफ्टी है। अब, हालांकि, वर्ल्ड नंबर वन टेनिस प्लेयर ने ओलिंपिक में भाग लेने की पुष्टि कर दी है।अगर जोकोविच टोक्यो ओलिंपिक और स ओपन जीत लेते हैं तो वह टेनिस का गोल्डन स्लैम पूरा करने वाले पहले और आब तक इकलौते खिलाड़ी बन जाएंगे। उन्होंने इस साल के हुए तीनों ग्रैंड स्लैम पर कब्जा जमाया है। दूसरी ओर रोजर फेडरर, राफेल नडाल और सेरेना विलियम्स पहले ही ओलिंपिक में भाग नहीं लेने का ऐलान कर चुके हैं।

**सेरेना ने ओलिंपिक में अब तक चार मेडल जीते हैं**–सेरेना विलियम्स ने विम्बलडन के दौरान वीडियो कांफ्रेंस में बताया था कि वह ओलिंपिक में भाग नहीं ले रहीं हैं। हालांकि, उन्होंने इसका कारण नहीं बताया था। सेरेना ने अमेरिका के लिए ओलंपिक खेलों में चार मेडल जीते हैं, जिसमें 2012 लंदन ओलंपिक में सिंगल्स और डबल्स दोनों वर्ग का गोल्ड शामिल है। वह 2000 में सिडनी और 2008 में बीजिंग ओलंपिक में डबल्स में गोल्ड जीत चुकी हैं। उन्होंने युगल वर्ग के सभी गोल्ड मेडल अपनी बड़ी बहन वीनस विलियम्स के साथ जीते हैं। 2016 रियो ओलिंपिक में सेरेना तीसरे दौर में बाहर हो गई थीं।

**फेडरर ने घुटने की वजह से ओलिंपिक से हटने का फैसला किया**–रोजर फेडरर ने घुटने की चोट की वजह से टोक्यो ओलंपिक 2020 में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।

## इंजरी के चलते इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टी-20 मैच के लिए हसन अली को दिया गया आराम



नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ 16 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज से पहले पाकिस्तान टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार गेंदबाज हसन अली बाएं पैर में खिंचाव होने के चलते पहले टी-20 मुकाबले में खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। हसन अली की इंजरी गंभीर ना हो जाए इसकी वजह से उनको पहले मैच के लिए आराम दे दिया गया है। वनडे सीरीज में पाकिस्तान की टीम को इंग्लैंड के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। हसन अली वनडे सीरीज में अच्छी लय में नजर आए थे और उन्होंने दूसरे मैच में पांच विकेट हासिल किए थे। 2017 के बाद से हसन ने पहली बार वनडे क्रिकेट में पांच विकेट चटकाए थे। पाकिस्तान का यह गेंदबाज पिछले कुछ सालों में इंजरी से काफी परेशान रहा है। हसन अली बाकी दो टी-20 मैचों के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं इस पर फैसला मैच से पहले लिया जाएगा। वनडे सीरीज के तीन मैचों में अली ने कुल 6 विकेट अपने नाम किए थे।

## टोक्यो ओलंपिक के अपने पहले मैच में इजराइल की पोलिकारपोवा सेनिया से भिड़ेंगी पीवी सिंधु



नई दिल्ली। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु टोक्यो ओलंपिक में अपने अभियान का आगाज इजराइल की खिलाड़ी पोलिकारपोवा सेनिया के खिलाफ करेंगी। वर्ल्ड चैंपियन सिंधु से इस बार फैन्स गोल्ड मेडल की उम्मीद लगाए बैठे हैं। रियो ओलंपिक में सिंधु गोल्ड से महज एक कदम दूर रह गईं थीं। सिंधु को ओलंपिक में इस बार आसान ड्रॉ मिला है उनको ग्रुप जे में रखा गया है। स्टार बैडमिंट खिलाड़ी को छठी वरीयता मिली है। रियो ओलंपिक 2016 के फाइनल में स्पेन की कैरोलिना मारिन के खिलाफ हार झेलनी वाली सिंधु को आसान ग्रुप जे में रखा गया है जिसमें हांगकांग की च्युंग एनगान यी को भी जगह मिली है। एनगान यी दुनिया की 34वें जबकि पोलिकारपोवा 58वें नंबर की खिलाड़ी हैं। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधु को टूर्नामेंट में छठी वरीयता दी गई है।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# सहकार से निकलेगी समृद्धि की राह



राम गोपाल सैनी

केंद्र सरकार में सहकारिता मंत्रालय का गठन देश में सहकारिता से जुड़ी करोड़ों जिंदगियों के लिए सुखद संदेश है। मालूम हो कि सहकारी संस्था अमूल की कारोबारी सफलता ने लाखों जिंदगियों को गुणवत्ता प्रदान करने का कार्य किया है। दुग्ध क्रांति के साथ ही इसने किसानों को आय का एक स्थायी स्रोत मुहैया कराया है। शहर से लेकर गांव तक सहकारी बैंकों ने उस तबके तक बैंकिंग सुविधा पहुंचाने का कार्य किया है, जो अर्थव्यवस्था में अंतिम पायदान पर खड़ा है। दूध और चीनी से लेकर दैनिक जरूरत की हर वस्तु और सेवाएं उपलब्ध कराने में सहकारी समितियां आगे बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की 2019-2020 की रिपोर्ट के मुताबिक सहकारी डेयरी ने 1.7 करोड़ सदस्यों से प्रतिदिन 4.80 करोड़ लीटर दूध खरीदा। चीनी उत्पादन के क्षेत्र में सहकारी मिलों की हिस्सेदारी लगभग 35 प्रतिशत है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ द्वारा जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक 2017 तक देश में 8 लाख 54 हजार 355 सहकारी समितियां थीं। इनमें सदस्यों की संख्या 30 करोड़ से अधिक है। कृषि क्षेत्र में सहकारी समितियां किसानों को बीज, खाद, कीटनाशक और रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराने से लेकर कृषि उत्पादों का उचित मूल्य मुहैया कराने का कार्य करती हैं। मत्स्य पालन, चाय बागानों में कार्य करने वाले श्रमिकों से लेकर बुनकरों की जिंदगी को सहकारी समितियां संवार रही हैं। हमारी जिंदगी को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाले 55 क्षेत्रों में आज सहकारी समितियां कार्य कर रही हैं। ग्रामीण इलाकों में सहकारिता की बुनियाद पर स्वास्थ्य क्षेत्र की भी आधारभूत संरचना खड़ी हो रही है। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम आयुष्मान सहकार योजना संचालित कर रहा है। इसके अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में अस्पताल खोलने के लिए सस्ती दर पर कर्ज मुहैया कराया जाना है। सहकारी गतिविधियों पर आधारित उद्यम अब अंतरराज्यीय स्वरूप ग्रहण कर रहे हैं। देश में मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसायटी की संख्या भी करीब डेढ़ हजार हो चुकी है।

# कांग्रेसियों ने ऊंटगाड़ी पर सवार होकर बढ़ती महंगाई के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



चौमूं (हमारा वतन) रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, खाद्य तेल, दाल और सब्जियों, आदि सभी के लगातार बढ़ रहे दामों के खिलाफ पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के सानिध्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।


कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने नगरपालिका परिसर से एसडीएम कार्यालय तक ऊंटगाड़ी पर सवार होकर बढ़ते हुए पेट्रोल-डीजल के दामों का विरोध किया। कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर बढ़ती महंगाई के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम उपेंद्र कुमार शर्मा को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नाम ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि केन्द्र सरकार गरीबों का खून चूसने का काम कर रही है। लगातार पेट्रोल, डीजल, एलपीजी की कीमतें आसमान छूती जा रही हैं। जबकि कच्चे तेल के दाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कम होने पर भी केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल के दाम रोजाना बढ़ाया जा रहे हैं। यदि ऐसे ही महंगाई वृद्धि होती रही तो आम जनता को दो वक्त की रोटी के भी खाने के लाले पड़ जाएंगे। मोदी सरकार को सिर्फ देश की सरकारी संपत्ति को निजीकरण में ज्यादा ध्यान दे रही हैं, जो देश के विकास के लिए बहुत ही घातक है।

इस मौके पर चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, उपाध्यक्ष किरण शर्मा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष नानगराम लांबा, कृष्णकांत जोशी, सेवादल लल्लूराम सैनी, मदनलाल टोडावता, मांगीलाल बलेसरा, वरिष्ठ कांग्रेस शरद चंद चौहान, गिरिराज देवेंदा, सांवरमल चौधरी, बाबूलाल गढ़वाल, सरपंच मंगल चंद सैनी, राजकुमार शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी कौशल तँवर ,सागर सिंह चौधरी, गेन्दीलाल सैनी, छात्रसंघ अध्यक्ष शिल्पा सौकरिया, पार्षद धीरेंद्र सैनी, आशीष यादव, कन्हैया गोयल, कमल भातरा, अशोक कुमार रच्छौया, रमेश चंद्र सैनी, अनिल कुमार सैनी, आमिर खान, इमामुद्दीन कुरेशी, सायर मल माली, महेश कुमार यादव, मुकेश कुमार पांच्या, संजय योगी, महेश कुमार नायक, मालीराम नेटवाडिया, छीतरमल बबेरवाल, रामकिशोर सैनी, पवन कुमार वर्मा, अभिषेक मोरदिया, अजय जाटावत, डॉ. नरसी लांबा, मुन्ना पठान, कैलाश बुटोलिया, एमडी भदला, लालाराम गुलिया, गोपाल गुलिया, बाबूलाल टोडावता, प्रकाश डागर, अशोक यादव, कैलाश अटल सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के चौमूँ आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

जयपुर (हमारा वतन) भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के जयपुर रोड स्थित अमन टावर चौमूँ में आगमन पर भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी चौमूँ नगर एवं देहात के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

गौरतलब है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया चौमूँ में एक निजी प्रतिष्ठान का उद्घाटन करने के लिए पधारे थे। प्रदेशाध्यक्ष पूनिया ने कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत करने पर आभार जताते हुए कहा कि कार्यकर्ता संगठन और पार्टी की विचारधारा को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत रहे। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष



सतीश पूनिया को माला एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, भाजपा देहात मंडल कालाडेरा अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, भाजपा देहात मंडल बांसा अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, भाजपा देहात मंडल गोविंदगढ़ महामंत्री जितेंद्र शेखावत सहित भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# योग को अनिवार्य विषय बनाने के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान योग शिक्षक संघर्ष समिति के तत्वाधान में नई शिक्षा पद्धति में योग को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किये जाने और आयुष औषधालयों एवम् प्राथमिक विद्यालयों में स्थाई योग शिक्षको को शामिल करने के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में योग शिक्षको का मानदेय बढ़ाने व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में योग शिक्षको के कार्यकाल को



10 से 30 दिन बढाने के साथ 15 सूत्री मांगों को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिला कलेक्टर ने आश्वाशन दिया कि हम इन सभी 15 सूत्री मांगों का त्वरित निस्तारण करने की कोशिश करेंगे। इस दौरान जिला प्रभारी योगाचार्य रोहित सेरावत, सुनीता चौधरी, सह प्रभारी राकेश मीणा, मेघराज मीणा, मुकेश यादव, रामसिंह , राम लाल , खुशबू पालीवाल, अंकिता आदि उपस्थित रहे।

# रुक्क्षमणी कुमारी ने कहा महंगाई कोढ़ में खाज का काम कर रही है

जयपुर (हमारा वतन) केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आज देश में प्रत्येक वस्तु के दाम आसमान छू रहे हैं। इसे लेकर ऑल इंडिया प्रोफेशनल कॉन्ग्रेस राजस्थान के तत्वावधान में शनिवार को सिविल लाइन से 22 गोदाम पेट्रोल पंप तक जन आक्रोश यात्रा निकाली गई।


यात्रा में प्रताप सिंह खाचरियावास मंत्री परिवहन विभाग, राजीव अरोड़ा तथा रुक्क्षमणी कुमारी ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में केंद्र सरकार के द्वारा देश में जो महंगाई वृद्धि कर रखी है उसका विरोध साईकिल रैली निकालकर किया ।

इस अवसर पर रूक्क्षमणि कुमारी ने



कहा कि आज देश में केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण रोजमर्रा की चीजों के दामों में बेतहाशा वृद्धि हुई है वहीं पेट्रोल उत्पादों के दामों में वृद्धि से हर वस्तु महंगी हो रही है। केंद्र सरकार को चाहिए कि रसोई गैस, डीजल व पेट्रोल के दाम अविलंब कम करें, महंगाई ने आमजन का जीना दुश्वार कर दिया है। एक तरफ कोरोना का प्रकोप दूसरी तरफ बढ़ती महंगाई गरीब जनता के लिए कोढ़ में खाज का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी आमजन के जीवन यापन को ध्यान में रखते हुए हर स्तर पर महंगाई का विरोध कर रही है। रुक्क्षमणी कुमारी ने कहा कि देश में महामारी के साथ ही पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के बढ़ते दामो ने आम जनता को त्रस्त कर रखा है। दिनों दिन बढ़ती महंगाई ने आम आदमी के रसोई का बजट गड़बड़ा दिया है।

पार्टी की मांग है कि देश की 80त्न जनसंख्या मध्यमवर्गीय है, जबकि देश की नीतियां 20% आबादी धन्ना सेठों को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रही है। इससे गरीब और गरीब हो रहा है जबकि उद्योगपतियों को मुनाफा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वृद्धि गरीब के रोटी का निवाला छीन रही है केंद्र सरकार मूकदर्शक बनकर सत्ता में बनी हुई है।




खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा